<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

दिनांक–05 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रदेश भर में पारम्परिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायी गयी होली। ब्रज क्षेत्र के बलदाऊ जी मंदिर में आज होगा विश्व प्रसिद्ध हुरंगा।
- होली पर गोरखपुर की पारम्परिक भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा– जीवन में मर्यादा, भक्ति और समरसता है सनातन धर्म की ताकत ।
- नेपाल में आज हो रहे प्रतिनिधि सभा के चुनावों को देखते हुए सील है भारत–नेपाल सीमा। आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को छोड़ कर आवागमन पर है पूर्ण प्रतिबंध।
- आईसीसी मेन्स टी ट्वेंटी वर्ल्ड कप दो हजार छब्बीस के पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका की टीम को नौ विकेट से हराया। आज भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला।

**********

प्रदेश भर में कल होली पारम्परिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। अयोध्या, मथुरा, चित्रकूट, काशी और लखनऊ सहित राज्यभर में होली की धूम रही।

राम नगरी अयोध्या में होली का विशेष उल्लास रहा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

**अयोध्या इस होली पर खूब इठलाई, विशेष आकर्षण का केंद्र भगवान राम लला रहे,जिनका भक्तों ने होली खेलते स्वरूप में दर्शन किया सुबह रामलला को श्रंगार के बाद गुलाल लगाने के साथ ही पिचकारी धारण कराई गई, रामलला के दरबार में संगीत की महफिल जमीं और तुलसीदास के रचित बसंत के गीतों की धुन पर पुजारी जमकर थिरके अयोध्या के 10000 मंदिरों में भी यही दृश्य रहा,जहां मंत्रोच्चारण के साथ विग्रहों को नए वस्त्र धारण कराकर विशेष व्यंजनों का भोग लगाया गया और फिर साधु,संत और भक्तों ने अपने आराध्य से फूलों की होली खेली, तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

काशी के घाटों पर विदेशी पर्यटक भी रंगों के साथ झूमते नजर आये और काशी विश्वनाथ धाम परिसर में फूलों की होली आकर्षण का केन्द्र रही। एक रिपोर्ट–

**गंगा घाटों से लेकर काशी विश्वनाथ धाम तक काशीवासियों और बाहर से आए श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली और एक–दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। बाबा विश्वनाथ को गुलाल अर्पित करने के साथ पर्व की विधिवत शुरुआत हुई। धाम परिसर में फूलों की होली आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान विदेशी पर्यटकों ने भी काशी का होली का लुत्फ लिया पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरा आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।**

ब्रज क्षेत्र में रंगोंत्सव का आनंद लेने के लिये देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे । इस दौरान मंदिरों में राधा–कृष्ण भक्ति के साथ रंग और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। एक रिपोर्ट–

**समूचे ब्रज मंडल में देश–विदेश से आये लाखो श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। और माहौल फाग गीतों और रंगों की उमंग से सराबोर रहा। डेम्पियर नगर में आयोजित होली मिलन समारोह में लोगों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। ढोल–नगाड़ों, फाग गीतों और रंग–गुलाल के बीच प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। मो उमर कुरैशी आकाशवाणी समाचार, मथुरा।**

ब्रज क्षेत्र के बलदाऊ जी मंदिर में आज विश्व प्रसिद्ध हुरंगा का आयोजन होगा। इसमें शामिल होने के लिए वहां देश–विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे है।

**********

गोरक्ष पीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल गोरखपुर की पारम्परिक और ऐतिहासिक भगवान नरसिंह की रंगभरी शोभायात्रा में शामिल हुए। यह शोभायात्रा हर वर्ष शहर के घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और श्री होलिकोत्सव समिति की तरफ से निकाली जाती है। शोभायात्रा की शुरुआत के अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव मात्र के जीवन में मर्यादा, जीवंतता, भक्ति और समरसता ही सनातन धर्म की ताकत है।

**होली का यह पर्व हम भारत में ऐसे समय में आयोजित कर रहे हैं जब पूरी दुनिया में अव्यवस्था है, अशांति है, अराजकता का सा वातावरण है। लेकिन भारत अपने यशस्वी नेतृत्व में आनंद और उत्साह के साथ, उमंग के साथ इस पर्व का आनंद ले रहा है। कहीं कोई भय नहीं, कहीं अराजकता नहीं, कहीं अविश्वास नहीं। हर ओर एक ही भाव है और वह भाव है सत्यमेव जयते का। हर ओर एक ही आवाज गूंज रही है यतो धर्मस्ततो जय। जहां धर्म होगा, वहीं जय होगी, वहीं विजय होगी। जहां सत्य होगा वहीं जय होगी और यह भाव हमारा सनातन वाक्य है। इसकी गूंज सर्वत्र हमें सुनाई दे रही है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को साकार करने के लिये प्राण प्रण से जुटना सभी की जिम्मेदारी है।

**हमें तो भारत को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना है। विकसित भारत की संकल्पना के साथ जुड़ना है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के इस भाव को अपने जीवन का हिस्सा बनाना है।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और प्रदेश में विरासत के संरक्षण के लिये अनेक कार्य किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में अगली होली के पहले तक गोरखपुर का भव्य विरासत गलियारा बनकर तैयार हो जायेगा।

**********

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, एयर इंडिया ने यात्रियों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है। एयर इंडिया ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी यात्रा की तारीख बदलने या टिकट रद्द करने पर पूरा रिफंड लेने की सुविधा दी जाएगी। वहीं पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा स्थिति को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। नियंत्रण कक्ष से सहायता के लिए सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक इन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं। नम्बर हैं–एक आठ शून्य शून्य–एक एक–आठ सात नौ सात, शून्य एक एक–दो तीन शून्य एक दो एक एक तीन, शून्य एक एक–दो तीन शून्य एक चार एक शून्य चार और शून्य एक एक–दो तीन शून्य एक सात नौ शून्य पांच ।

**********

नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव को देखते हुए राज्य से सटी भारत–नेपाल की सीमाएं बहत्तर घंटों के लिए सील हैं। एक रिपोर्ट

**नेपाल में आज हो रहे चुनाव से पहले हुई भारत नेपाल की समन्वय समिति की बैठक में सीमाओं को सील करने का निर्णय लिया गया। सीमाएं सील होने के साथ ही एसएसबी और पुलिस ने सीमा पर गश्त बढ़ा दी । सीमा पर सिर्फ आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर किसी भी तरह के आवागमन पर पूर्ण प्रतिबंध जारी है। चुनाव संपन्न होने के बाद सीमा को सामान्य रूप से फिर से खोल दिया जाएगा। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

प्रदेश में इस वर्ष भी पैंतीस करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जाएगा। इस सम्बन्ध में शासन स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। पिछले नौ वर्षों में राज्य में दो सौ बयालीस करोड़ से अधिक पौधे रोपे गये। इसके चलते प्रदेश का वनाच्छादन पांच सौ उन्सठ वर्ग किलोमीटर बढ़ा है।

**********

आईसीसी मेन्स टी–20 वर्ल्डकप 2026 के पहले सेमीफाइनल में कल साउथ अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर न्यूजीलैंड की टीम फाइनल में पहुंच गयी। कोलकाता के ईडन गार्डेन्स में खेले गये इस मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के सामने एक सौ सत्तर रनों का लक्ष्य रखा था जिसे न्यूजीलैंड ने तेरहवें ओवर में ही पूरा कर लिया। मुकाबले का दूसरा सेमीफाइनल आज मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा।

**********

मौसम विभाग ने आज से प्रदेश के तापमान में बढ़ोत्तरी के संकेत दिये हैं। विभाग के अनुसार इस हफ्ते के अंत तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गर्मी में बढ़ोत्तरी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की, जबकि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस बीच, राजधानी लखनऊ सहित कुछ अन्य जिलों में गर्मी का असर साफ दिखाई देने लगा है। लखनऊ में कल पैंतीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर पश्चिमी हवाएं चलती रहीं और अधिकतम तापमान बत्तीस डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज भी तेज सतही हवाएं चलने की संभावना जतायी है।

**********